INTERMEDIATE (IPC)

Roll No. ..................... GROUP I - PAPER 2 NOV 2015

BUSINESS LAWS, ETHICS AND COMMUNICATION

Total No. of Questions – 7 Total No. of Printed Pages – 11

Time Allowed – 3 Hours Maximum Marks – 100

# ALR – H

Answers to questions are to be given only in English except in the case of candidate who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi medium, his/her answers in Hindi will not be valued.

Question No. 1 is compulsory.

Attempt any five questions from the remaining six questions.

**Marks**

1. (a) 'Amit' stands surety for 'Bikram' for any amount which 'Chander' may lend to 'Bikram' from time to time during the next three months subject to a maximum amount of ₹ 1,00,000 (one lakh only). One month later 'Amit' revokes the surety, when 'Chander' had already lent to 'Bikram' ₹ 10,000 (ten thousand). Referring to the provisions of the Indian Contract Act, 1872. Decide : **5**

    (i) Whether 'Amit' is discharged from all the liabilities to 'Chander' for any subsequent loan given to 'Bikram' ?

    (ii) What would be your answer in case 'Bikram' makes a default in paying back to 'Chander' the already borrowed amount of ₹ 10,000 ?



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(b) MNO Private Limited, a subsidiary of PQR Limited, decides to give a loan of ₹ 4,00,000 to the HR (Human Resource) Manager, who is not a Key Managerial Personnel (KMP) of MNO Private Limited, drawing salary of ₹ 30,000 per month, to buy 500 partly paid-up Equity Shares of ₹ 1000 each in MNO Private Limited. Examine the validity of company's decision under the provisions of the Companies Act, 2013. **5**

(c) State with reasons whether the following statements are correct or incorrect :

(i) Business Ethics helps to promote public reputation. **3**

(ii) In the long-run, those business entities which responds to society needs favorably will survive. **2**

(d) State reasons for selecting oral mode of communications instead of written mode of communications. **5**

2. (a) (i) State with reasons whether the following persons are entitled to receive bonus under the Payment of Bonus Act, 1965 : **2+2 =4**

(I) A retrenched employee.

(II) A dismissed employee reinstated with back wages.

(ii) Mr. X was an employee of Green Sugars Ltd. The whole of undertaking of Green Sugars Ltd. was takenover by a new company named Modern Sugars Ltd. The services of Mr. X remained continuous in the new company. After serving for one year Mr. X met with an accident and became permanently disabled. Mr. X applied to the new company for the payment of Gratuity. The new company refused to pay Gratuity on the ground that Mr. X has served only for a year in the new company. **4**

Examine the validity of the refusal of the company in the light of the provisions of the Payment of Gratuity Act, 1872.



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(b) Explain the pragmatic reasons for maintaining ethical behaviour in marketing through marketing executives. 4

(c) Write short notes on the following : 2×2 =4

(I) Proxemics

(II) Haptics

3. (a) (i) Under what circumstances the original contract need not be performed as stated under section 62 to 67 of the Indian Contract Act, 1872 ? 4

(ii) Mr. U offered to sell his house to Mr. X for ₹ 15,00,000. Mr. X accepted the offer by post. On the very next day Mr. X sent a telegram revoking the acceptance which reached Mr. U before the letter of acceptance. Is the revocation of acceptance valid ? Would it make any difference if both the letter of acceptance and the telegram of revocation of acceptance reach Mr. U at the same time ? 4

(b) (i) Explain any four sources of ethical standard. 4

(ii) List out the characteristics of group personality under Group Dynamics. 4

4. (a) (i) Explain the concept of Deemed Prospectus under the Companies Act, 2013. Under what circumstances such prospectus need not be issued ? 4

(ii) Diminution of share capital does not constitute a reduction within the meaning of Companies Act, 2013. State in what respects they differ from each other. 4



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(b) What is meant by 'Critical thinking' ? Suggest the measures to develop critical thinking. **4**

(c) Prepare a check list for organizing the messages in a business firm as a job of composing business messages being assigned to you. **4**

5. (a) (i) Mr. A is the payee of an order cheque. Mr. B steals the cheque and forges Mr. A signatures and endorses the cheque in his own favour. Mr. B then further endorses the cheque to Mr. C, who takes the cheque in good faith and for valuable consideration. Examine the validity of the cheque as per the provisions of the Negotiable Instruments Act, 1881 and also state whether Mr. C can claim the privileges of a Holder-in-Due course ? **4**

(ii) Explain the concept and different forms of Restrictive and Qualified endorsement. **4**

(b) Examine the validity of the following referring to the provisions of the Companies Act, 2013 and/or Rules : **4**

"The Articles of Association of X Ltd. contained a provision that upto 4% of issue price of the shares may be paid as underwriting commission to the underwriters. The Board of Directors of X Ltd. decided to pay 5% underwriting commission."

(c) Discuss different environmental phenomena of ethical concern ? **4**

6. (a) What is the importance of registered office of a company ? State the procedure for shifting of a registered office of the company from one state to another state under the provisions of the Companies Act, 2013. **8**



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(b) Draft a notice for convening the Board of Directors Meeting of M/s. Growmore Limited where the agenda is to consider buy-back of company's equity share capital to an extent of 5% of its issued share capital and also where Mr. Anand is to be co-opted as an additional director. **4**

(c) State whether the following statements are correct or incorrect : **1×4 =4**

(i) A limited company can become a partner in a partnership firm.

(ii) A special resolution is one, to pass, requires the votes cast in favour be twice the votes cast against it.

(iii) A cheque marked "Not negotiable" is not transferable.

(iv) A promissory note duly executed in favour of a minor, is valid.

7. Answer any **four** of the following :

(a) State the provisions of Employees' Provident Funds and Miscellaneous Provisions Act, 1952 regulating the quantum of contribution to be made by the employer and employee to the Provident Fund. Is it possible for an employee to increase the amount of his contribution to the Provident Fund more than the minimum contribution as statutorily prescribed ? **4**

(b) A company refuses to register transfer of shares made by Mr. X to Mr. Y. The company does not even send a notice of refusal to Mr. X or Mr. Y respectively within the prescribed period. Has the aggrieved party any right(s) against the company for such refusal ? Advise as per the provisions of the Companies Act, 2013. **4**



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(c) When is an allotment of shares treated as an irregular allotment ? Briefly state the effects of an irregular allotment. **4**

(d) Explain the practices widely recognized as discriminatory in employment. **4**

(e) What are the basic principles of inter-personal communication ? **4**

---



© The Institute of Chartered Accountants of India

**(Hindi Version)**

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष छ: प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**Marks**

1. (अ) 'अमित' ने 'चंदर' द्वारा 'बिक्रम' को अगले तीन माह में दी जाने वाली राशि के लिए जमानत (surety) दी । उपर्युक्त राशि की अधिकतम सीमा ₹ 1,00,000 है । एक माह पश्चात् 'अमित' ने अपनी जमानत वापस ले ली । जमानत वापस लेने तक 'चंदर' ने 'बिक्रम' को ₹ 10,000 की राशि उधार दे दी थी । भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के प्रावधानों को संदर्भित करते हुए उत्तर दीजिए : **5**

   (i) क्या 'अमित' बाद में 'बिक्रम' को दिए जाने वाले ऋण के लिए अपने सभी दायित्वों से मुक्त हो जाएगा ?

   (ii) क्या 'अमित' उत्तरदायी है यदि 'बिक्रम', 'चंदर' को उधार दिए ₹ 10,000 (दस हजार) का भुगतान नहीं करता है ।

   (ब) MNO प्राइवेट लि., जो कि एक सहायक (subsidiary) कम्पनी है PQR लि. की, और जिसने निर्णय लिया कि अपने HR (Human Resource) प्रबंधक जो कि MNO प्राइवेट लि. का मुख्य सहायक प्रबंधक (Key Managerial Personnel) नहीं है, जो ₹ 30,000 मासिक वेतन पर कार्यरत है को ऋण के रूप में ₹ 4,00,000 (चार लाख रुपये) प्रदान करने का, जिसका उपयोग वह कम्पनी MNO प्राइवेट लि. के 1000 रुपये मूल्य के 500 अंशत: प्रदत्त अंशपत्र खरीदने के लिये करेगा । कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार क्या यह निर्णय वैध है ? **5**



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

(स) कारण सहित बताइए कि निम्नलिखित कथन सही है अथवा गलत :

(i) व्यावसायिक नीतिशास्त्र सार्वजनिक ख्याति बढ़ाने में सहायक होता है । **3**

(ii) लम्बे समय काल में वह व्यावसायिक संस्थान जो कि सामाजिक अपेक्षाओं या आवश्यकताओं के प्रति सकारात्मक रूप से सजग होते हैं वही चलते रहते हैं । **2**

(द) लिखित संचार माध्यम के स्थान पर मौखिक संचार माध्यम को चुनने के कारणों को लिखिये । **5**

2\. (अ) (i) बोनस भुगतान अधिनियम, 1965 के प्रावधानों के सन्दर्भ में बताइए कि क्या निम्नलिखित व्यक्ति अधिनियम के अन्तर्गत बोनस पाने के अधिकारी हैं : **2+2 =4**

(I) एक छँटनीशुदा कर्मचारी

(II) एक पदच्युत कर्मचारी जिसे पिछली मजदूरियों के सहित बहाल किया जाता है ।

(ii) मि. X ग्रीन शुगर लिमिटेड का एक कार्मिक था । ग्रीन शुगर का सारा उपक्रम एक नई कम्पनी मॉडर्न शुगर लिमिटेड ने ले लिया । मि. X की सेवा नई कम्पनी में लगातार चालू रही । एक साल की सेवा के बाद मि. X के साथ दुर्घटना हो गई जिसके कारण वह स्थायी रूप से काम करने में असमर्थ हो गया । मि. X ने नई कम्पनी को ग्रेच्यूइटी का भुगतान करने के लिए आवेदन किया । कम्पनी ने ग्रेच्यूइटी देने से यह कहकर मना कर दिया कि मि. X ने केवल एक (1) वर्ष ही काम किया था । ग्रेच्यूइटी अधिनियम, 1872 के प्रावधानों के अनुसार कम्पनी के संचालकों द्वारा मि. X को ग्रेच्यूइटी न देने के निर्णय की वैधता की जाँच कीजिए । **4**

(ब) व्याख्या कीजिये कि विपणन में विपणन कार्यपालकों द्वारा नीतिपूर्ण व्यवहार बनाये रखने के क्या कारण हैं । **4**

(स) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : **2×2 =4**

(I) सामीप्य या प्रोक्सेमिक्स (Proxemics)

(II) स्पर्श भाषा (Haptics)



© The Institute of Chartered Accountants of India

**Marks**

3\. (अ) (i) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 की धारा 62 से 67 में वर्णित वह कौन सी परिस्थितियाँ हैं जिसमें मूल अनुबंध का निष्पादन करना आवश्यक नहीं होता है ? स्पष्ट कीजिए । 4

(ii) मि. U ने मि. X को अपना घर ₹ 15,00,000 में बेचने का प्रस्ताव किया । मि. X ने उस प्रस्ताव पर डाक द्वारा अपनी स्वीकृति दे दी । पर अगले दिन मि. X ने तार भेजकर अपनी दी हुई स्वीकृति को निरस्त कर दिया जो कि मि. U को डाक द्वारा स्वीकृति से पहले ही पहुँच गया । क्या स्वीकृति की निरसता वैध है ? क्या इस बात से कोई फर्क पड़ता यदि स्वीकृति की डाक एवं स्वीकृति को निरस्त करने का तार मि. U के पास एक ही समय एक साथ पहुँचते हैं ? 4

(ब) (i) किन्हीं चार नीतिगत स्तरों (Ethical standards) के स्रोत का विवेचन कीजिए । 4

(ii) समूह गतिविज्ञान (Group Dynamics) के अन्तर्गत आने वाली समूह-व्यक्तित्व (Group Personality) की विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । 4

4\. (अ) (i) कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार गर्भित प्रविवरण (Deemed Prospectus) के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए तथा उन परिस्थितियों को बताइए जब प्रविवरण के अधीन निर्गम आवश्यक नहीं समझा जाता है । 4

(ii) कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार "अंश पूँजी में घटोतरी" का मतलब पूँजी में कमी नहीं है । बताइए कि किस संदर्भ में वे एक-दूसरे से भिन्न हैं । 4

(ब) समीक्षात्मक चिंतन (critical thinking) का क्या अर्थ है ? समीक्षात्मक चिंतन को अधिक प्रभावशाली कैसे विकसित किया जा सकता है, समझाये । 4

(स) आपको यह कार्य सौंपा गया है कि आप व्यापारिक संदेश की संरचना करें । आप ऐसे संदेश को तैयार करने के लिए क्या जाँच-सूची बनायेंगे ? 4



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

5. (अ) (i) मि. A एक आदेशित चेक के आदाता (Payee) है । मि. B द्वारा चेक को चुरा लिया गया है एवं मि. A के फर्जी हस्ताक्षर द्वारा स्वयं के पक्ष में पृष्ठांकन (endorse) कर लिया गया । मि. B द्वारा पुन: उस चेक को मि. C के पक्ष में पृष्ठांकन (endorse) कर दिया गया जिन्होंने उस चेक को पूर्ण विश्वास में एवं मूल्यवान हेतु प्राप्त किया गया था । परक्राम्य विलेख अधिनियम, 1881 के प्रावधानों के अनुरूप उक्त चेक की वैधता की जाँच करें एवं यह भी बताएँ कि क्या मि. C यथाविधि धारक (Holder-in-due course) के विशेष अधिकार का दावा कर सकता है । **4**

(ii) प्रतिबंधात्मक पृष्ठांकन और सशर्त या उचित पृष्ठांकन (Restrictive and Qualified endorsement) का क्या मतलब है और उनके कितने प्रकार हैं ? व्याख्या करें । **4**

(ब) कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों/नियम के अन्तर्गत नीचे दिये हुये कथन की वैधता निर्धारित कीजिए । **4**

"X लि. के अन्तर्नियमों में 4% की दर से अभिगोपन कमीशन देने का प्रावधान है । पर निदेशक मण्डल ने 5% की दर से अभिगोपन कमीशन देने का निर्णय लिया है ।"

(स) विभिन्न पर्यावरणीय नीतिशास्त्र दृश्यघटना से सम्बन्धित उद्विग्नता (concern) पर विचार-विमर्श कीजिए । **4**

6. (अ) कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय का महत्त्व क्या है ? कम्पनी अधिनियम, 2013 के अधीन कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय को एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानान्तरित करने की क्या विधि है ? **8**

(ब) मैसर्स ग्रोमोर लि. एक निदेशक मण्डल की सभा बुलाना चाहती है, जिसमें कम्पनी श्री आनंद को अतिरिक्त निदेशक नियुक्त करना चाहती है तथा अपनी निर्गमित पूँजी के 5% तक की सीमा तक के अंश वापस क्रय करना चाहती है । आप इस सभा को बुलाने के लिए सूचना का प्रारूप बनाइए । **4**



© The Institute of Chartered Accountants of India

Marks

(स) बताइए कि निम्नलिखित कथन सही है अथवा गलत : 1×4 =4

(i) एक सार्वजनिक कम्पनी किसी साझेदारी फर्म में साझेदार बन सकती है ।

(ii) एक विशेष प्रस्ताव को पारित करने के लिए उस प्रस्ताव के पक्ष में डाले गए वोटों की संख्या उस प्रस्ताव के विपरीत डाले गए वोटों की संख्या से दुगुनी होनी चाहिए ।

(iii) चैक जिस पर "क्राम्य नहीं है" लिखा गया है वह हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है ।

(iv) एक नाबालिग व्यक्ति के पक्ष में प्रतिज्ञापत्र जारी करना वैध होता है ।

7. निम्न में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए :

(अ) कर्मचारी भविष्य निधि तथा विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 में किये गये प्रावधानों के अनुसार कर्मचारी एवं नियोक्ता द्वारा भविष्य निधि को किये गये योगदान का विवरण दीजिए । क्या किसी कर्मचारी के लिए यह सम्भव है कि वह न्यूनतम वैधानिक योगदान से अधिक योगदान भविष्य निधि में कर सकता है ? 4

(ब) एक कम्पनी मि. X द्वारा मि. Y. को हस्तान्तरित अंशों का पंजीकरण करने से मना कर रही है । कम्पनी ने निर्धारित अवधि में पंजीकरण करने की सूचना भी अंशधारी को नहीं दी । क्या पीड़ित पक्ष को कम्पनी के विरुद्ध कोई उपचार प्राप्त है ? कम्पनी अधिनियम, 2013 के अन्तर्गत सलाह दीजिए । 4

(स) कब अंशों का आबंटन अनियमित माना जाता है ? एक अनियमित आबंटन का क्या प्रभाव होता है ? संक्षेप में बयान करें । 4

(द) उन तत्वों का कथन कीजिए जिनसे किसी व्यापारिक प्रतिष्ठान में नियुक्ति के समय भेदभाव (discrimination) किया जाता है । 4

(य) अन्तर्वैयक्तिक संचार (Interpersonal Communication) के क्या मूल सिद्धान्त हैं ? स्पष्ट कीजिए । 4

---



© The Institute of Chartered Accountants of India